प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कहा– मार्च 2025 तक 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी प्रदेश की जीडीपी।
2. प्रदेश सरकार ने दीपावली पर कर्मचारियों को बोनस देने का किया फैसला : राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों को होगा लाभ।
3. विधानसभा उपचुनाव के लिए आज 19 प्रत्याशियों ने किया नामांकन– कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी और करहल से बसपा प्रत्याशी अवनीश कुमार ने भरा पर्चा।

और

4. श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के सभी मु़कदमों पर एक साथ होगी सुनवाई : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अलग–अलग सुनवाई की अपील की खारिज।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश की जीडीपी मार्च 2025 तक 32 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। आज लखनऊ में एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जीडीपी 2023–2024 में 26 लाख करोड़ हो चुकी है। मुख्यमंत्रो ने

कहा कि उनकी सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया, जिससे राज्य को 40 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। बाइट.......

*आज उत्तर प्रदेश कार्य कर रहा है। साढ़े सात लाख करोड़ का बजट उप का है। उप की कॉलोनी कितनी थी? कुल जीडीपी हमारी कितनी थी बारह लाख करोड़ थी और आज यही उत्तर प्रदेश की जीडीपी तेईस चौबीस में बढ़कर के छब्बीस लाख करोड़ की हो चुकी है और हमारा अनुमान है कि इस वर्ष के अंत तक मार्च दो हज़ार पच्चीस में यही उत्तर प्रदेश की जीडीपी बत्तीस लाख करोड़ रुपए की होगी।*

——————

प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। सरकार के इस फैसले का राज्य कर्मचारियों ने स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि सरकार के इस फैसले से कर्मचारियों को काफी राहत मिलेगी। पेश है एक रिपोर्ट.......

*प्रदेश के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण और प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिलापंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठानों के कर्मचारियों और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वर्ष 2023–2024 के लिए बोनस प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य कमर्चारियों को दीपावली से पहले अक्टूबर का वेतन जारी करने के आदेश दिए गये थे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

—————————

उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए आज 19 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। अब तक इन सीटों पर कुल 34 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। प्रयागराज की फूलपुर सीट पर सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी, कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी, कुंदरकी से बसपा प्रत्याशी रफतुल्ला और मैनपुरी की करहल सीट से बसपा प्रत्याशी अवनीश कुमार ने पर्चा भरा। मीरापुर और मझवां विधानसभा के लिए 5–5, कुदंरकी, गाजियाबाद, सीसामऊ और कटेहरी से 1–1 और फूलपुर से 3 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया। वहीं अलीगढ़ की खैर सीट पर अब तक एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ है। इन सभी 9 सीटों पर 25 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है।

—————————

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के सभी मुकदमों की सुनवाई एक साथ ही होगी। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने आज इस मामले में दूसरे पक्ष की अर्ज़ी को खारिज कर दिया। दूसरे पक्ष ने उच्च न्यायालय से इस विवाद से जुड़े सभी मुकदमों की अलग अलग सुनवाई करने की अपील की थी। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बीते दिनां इस अर्ज़ी पर सुनवाई पूरी करने के बाद यह फैसला

सुरक्षित रखा था। इस मामले के वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि अगली सुनवाई 6 नवम्बर को होगी। बाइट.........

*जो सूट कंसोलिडेशन के खिलाफ रिकॉल अर्जी थी उसको रिजेक्ट कर दिया है और बहरहाल अब सारे जो पंद्रह सूट है उनका ट्रायल एक साथ होगा और अब जो है इसमें आगे हाई कोर्ट प्रोसीड करेगी और इश्यूज फ्रेम होंगे इश्यूज फ्रेम किसी भी सिविल सूट के लिए जरूरी है और हम सब खुश हैं ट्रायल एक साथ होगा तो समय की भी बचत है और कंट्राडिक्टरी ऑर्डर भी नहीं होंगे।*

——————

2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी मामले में अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। सहारनपुर एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मोहित शर्मा की अदालत में इस मामले की सुनवाई करते हुए 19 ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए थे।

गौरतलब है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में इमरान मसूद के खिलाफ इस मामले में आचार संहिता उल्लंघन, माहौल खराब करने की कोशिश, अनुसूचित जाति के विधायकों के बारे जाति सूचक शब्द कहने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में इमरान मसूद को जेल भी जाना पड़ा था।

——————

वक्फ संशोधन विधेयक–2024 के संबंध में बनी संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष और डुमरियागंज लोकसभा सीट

से सांसद जगदंबिका पाल ने आज लखनऊ में कहा कि वक्फ बिल पर हो रही राजनीति सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कानून बनने से पहले इस पर विस्तृत चर्चा हो सके। बाइट.........

*लोकतंत्र में संसदीय समिति ज्वाइंट पालमेटिक कमेटी ऑन वाक बनी है। इससे साफ है कि कोई पालियामेटिक स्टैंडिंग कमेटी नहीं है। यह कमेटी स्पेशल स्पीकार साहब ने कस्ट्रीरूट किया है। सरकार की पहल पे सरकार ने कहा कि हम इस बिल को पारित करने की बजाय इसको हम जेपीसी में रिफर करना चाहते है कि जिससे कि और डिअेल डिस्क्रशन डेलीब्रेसन हो जाये सभी स्टाक होल्डर के साथ, हित धारकों के साथ यह जेपीसी कमेटी ऑल पार्टी मीटिंग ऑल पार्टी बातचीत लेकिन जिस तरह से जेपीसी में वक्फ पे राजनीतिकरण हो रहा है ये लेकिन प्रजातंत्र नहीं है अराजिक तंत्र हो गया अराजकता हो गई।*

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केन्द्र सरकार ने आज भारत ब्रैंड चना दाल की बिक्री का दूसरा चरण आरंभ किया। भारतीय राष्टोय सहकारी

उपभोक्ता परिसंघ लिमिटेड– एनसीसीएफ और भारतीय राष्टोय कृषि सहकारी विपणन परिसंघ– नेफेड के माध्यम से यह बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रवलाद जोशी ने बताया कि भारत चना दाल केन्द्रीय भण्डार, मोबाइल वैन, नेफेड और ई–कॉमर्स माध्यम से 70 रूपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध होगा। इसके अलावा चना 58 रूपये प्रतिकिला, भारत मूंग दाल 107 रूपये प्रतिकिलो और मसूर दाल नवासी रूपये प्रतिकिलो मिलेगो।

——————

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 25 और 26 अक्टूबर को मथुरा के परखम गांव में होगी। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेडकर ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष प्ूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 की विजयादशमी संघ विशेष रूप से मनाएगा। बाइट......

*इस बैठक के लिये देशभर से तीन सौ 93 कार्यकर्ता अपेक्षित है। इसमें परम पुज्य  मान्य भी रहेंगे। संगतकर्ता के बारे में यहां कार्य विस्तार के बारे में और कार्य के बारे में समीक्षा होगी और आगामी योजनाओं पर व्यापक चर्चा होगी। ये बैठक प्रतिवर्ष होती है और यहां पर देशभर से कार्यकर्ता आयेंगे वो अपने–अपने अनुभव भी साझा करेंगे और आगामी विषयों पर चर्चा भी करेंगे।*

——————

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वाराणसी के मालवीय ब्रिज के समानांतर गंगा नदी पर एक नए आधुनिक ब्रिज निर्माण को मंजूरी दिए जाने के बाद आज रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी ने कार्यस्थल का मुआयना किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रिज निर्माण के लिए तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। बाइट.........

*ये एक बहुत ही बड़ा और विशाल ब्रिज होगा जोकि इस जगह की जरूरतों को पूरा करेगा। इसकी स्वीकृति हमको मिल चुकी है। इसके डिटेल डिजाइन की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और डिटेल, डिजाइन पूरा होते ही इसपे निर्माण का कार्य भी आरम्भ किया जायेगा। इसमें दो लाइंस कि जगह हम चार लाइंस रखेंगे तो इससे हमारे को यातायात सुचारू रूप से चलाने में और आगे ट्रॅफिक के विस्तार को देखते हुए बहुत मदद मिलेगी।*

————————

पराली जलाने के मामले में बरेली मंडल क 62 किसानों पर कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। इसमें बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के किसानो पर मुकदमा दर्ज करने के साथ 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सयुंक्त कृषि निदेशक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग लगातार किसानों को पराली ना जलाने के लिए जागरूक कर रहा है।

————————

प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने मेरठ के चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय

खेल कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस कुश्ती प्रतियोगिता में 23 राज्यों के 414 पहलवान हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 222 छात्र और 192 छात्राएं शामिल हैं। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

(समाप्त)